राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

राज्यपाल ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर लोकभवन में उनकी छवि पर पुष्पांजलि अर्पित की

छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया

जयपुर, 19 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को लोकभवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उनकी छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका श्रद्धा स्मरण किया।

श्री बागडे ने छत्रपति शिवाजी महाराज के राष्ट्रप्रेम, सुशासन और समाज में न्याय व समानता स्थापित करने से जुड़े आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का संपूर्ण जीवन मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित प्रेरणा देने वाला है।

—————